| |
|---|
| दिनांक 19.01.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 30/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद उन्नाव/थाना माखी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 19.01.2025 को थाना माखी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दोस्तीनगर पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रामचन्द्र को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना माखी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना माखी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रामचन्द्र निवासी ग्राम दरबारी खेड़ा थाना अजगैन जनपद उन्नाव।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना अरनिया

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 01 वैगनार कार**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन, नगद रूपये**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 18.01.2025 को थाना अरनिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोहम्मदपुर फ्लाई ओवर/ईशनपुर तिराहे के पास चेकिंग के दौरान कार सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ

कार्यवाही में अभियुक्त 1–रमन 2–आकाश घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–शिवम सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट की 01 वैगनार कार, लूट का 01 मोबाइल फोन, नगद रूपये, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.01.2025 को थाना अरनिया क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद कार, मोबाइल फोन आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना अरनिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रमन निवासी ग्राम नंगला ओझा थाना चंदपा जनपद हाथरस।

2–आकाश निवासी ग्राम पकड़ी गोसाई फजलनगर थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर।

3–शिवम निवासी ग्राम लेहा बाजिदपुर थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1–लूट की 01 वैगनार कार।

2–लूट का 01 मोबाइल फोन, नगद रूपये।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## कमिश्नेरट आगरा/थाना हरीपर्वत

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली धातू के आभूषण**
- **चोरी के 08 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 18.01.2025 को थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आई.एस.बी.टी. बस स्टैण्ड के पास से 02 अभियुक्तों 1– विष्णु 2– अभियुक्ता को गिरफ्तार

किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली धातू के आभूषण, चोरी के 08 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.10.2024 को थाना हरीपर्वत क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विष्णु निवासी अब्बास नगर थाना बोदला थाना जगदीशपुरा कमिश्नरेट आगरा।

2—अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1—चोरी के पीली धातू के आभूषण।

2—चोरी के 08 हजार रूपये नगद आदि।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट लखनऊ

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलोग्राम अवैध मेफेड्रान बरामद**

दिनांक 18.01.2025 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट लखनऊ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रायल मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल के पास थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी से 02 अभियुक्तों 1—राकेश 2—विक्रम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलोग्राम अवैध मेफेड्रान बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राकेश निवासी अग्गर खुर्द थाना फुलबेहड जनपद लखीमपुर खीरी।

2–विक्रम निवासी सुजानपुर थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलोग्राम अवैध मेफेड्रान।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट आगरा

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 06 मोबाइल फोन**
- **01 सफारी कार आदि बरामद**

दिनांक 18.01.2025 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट आगरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मानई थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ के पास से 06 अभियुक्तों 1–माधव 2–नितीश प्रताप 3–मो0सलमान 4–शुभम 5–दीपक कुमार 6–भूरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल अवैध गांजा, नगद रूपये, 06 मोबाइल फोन, 01 सफारी कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–माधव निवासी ग्राम लोधा थाना लोधा जनपद अलीगढ़।

2–नीतीश प्रताप निवासी ग्राम लोधा थाना लोधा जनपद अलीगढ़।

3–मो0सलमान निवासी देहली गेट थाना देहली गेट जनपद अलीगढ़।

4–शुभम निवासी ग्राम अलीपुर थाना मडराक जनपद अलीगढ़।

5–दीपक कुमार निवासी गीता बिहार कॉलोनी थाना महुआखेड़ा जनपद अलीगढ़।

6–भूरा निवासी मडराक थाना मडराक जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1—लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल अवैध गांजा।

2—नगद रूपये, 06 मोबाइल फोन।

3—01 सफारी कार आदि।

## जनपद मैनपुरी/थाना कुरावली

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 ट्रक बरामद**

दिनांक 19.01.2025 को थाना कुरावली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम नानामऊ कट के पास से अभियुक्त अमरीक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 03 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 ट्रक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कुरावली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अमरीक निवासी ग्राम ओठिया थाना राजासाशी जनपद अमृतसर पंजाब।

**बरामदगी**

1—03 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—01 ट्रक।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना कटरा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **300 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनांक 19.01.2025 को थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हुलास नगला पुल के पास से अभियुक्त शुऐब को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 300 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शुऐब निवासी मो0 मिर्धान थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–300 ग्राम अवैध अफीम।

**जनपद देवरिया/थाना मईल**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 02 लाख 10 हजार रूपये कीमत के 85 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **02 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 19.01.2025 को थाना मईल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पिण्डी मोड़ भागलपुर के पास से 04 अभियुक्तों 1–अभिषेक 2–दीपक 3–शिव कुमार 4–अभिषेक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 02 लाख 10 हजार रूपये कीमत के 85 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मईल पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अभिषेक निवासी रोहुवार विशुनपुर थाना सुरौली जनपद देवरिया।

2–दीपक निवासी मुरासो थाना मईल जनपद देवरिया।

3–शिव कुमार निवासी डुमरी हतवा थाना लार जनपद देवरिया।

4–अभिषेक निवासी बढ़या फुलवरिया थाना भलुअनी जनपद देवरिया।

**बरामदगी**

1–लगभग 02 लाख 10 हजार रूपये कीमत के 85 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–02 चार पहिया वाहन आदि।

**एस0टी0एफ0–वर्ष 2016 से फरार मु0अ0सं0 226/2016 धारा 395/397/412 भादवि थाना बहजोई जनपद सम्भल एंव अ0सं0 636/2024 धारा 305बी/62/221/132/109(1)/3(5) बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट थाना भारत नगर नई दिल्ली में वांछित रू0 25,000/– का पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी सरफराज गिरफ्तार।**

दिनांक 18–01–2025 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को जनपद बहजोई थाना सम्भल क्षेत्र से वर्ष 2016 से फरार मु0अ0सं0 226/2016 धारा 395/397/412 भादवि थाना बहजोई जनपद सम्भल एंव अ0सं0 636/2024 धारा 305बी/62/221/132/109(1)/3(5) बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट थाना भारत नगर, नई दिल्ली में वांछित रू0 25,000/– का पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी सरफराज को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

सरफराज पुत्र सलीम उर्फ शहाबुददीन नि0 मौ0 पहलवान कालोनी मस्जिद के पास, हुमायूँनगर थाना लिसाडी गेट, जनपद मेरठ।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय–

दिनाक–18–01–2025, समय–21:05, बजे स्थान–बहजोई सम्भल रोड रेलवे क्रासिंग, थाना बहजोई जनपद सम्भल।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के जनपदों में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिये जाने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों/इकाईयों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई मेरठ के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 18–01–2025 को एसटीएफ फील्ड इकाई, मेरठ से निरीक्षक श्री सुनील कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक श्री जयवीर सिंह, हेड कान्सगण रकम सिंह, प्रदीप धनकड, आकाशदीप, रोमिश तोमर की टीम अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से जनपद सम्भल क्षेत्र में मामूर थी। एसटीएफ टीम बहजोई रेलवे स्टेशन के पास पहुँची तो मुखबिर खास सूचना प्राप्त हुई कि थाना बहजोई, जनपद सम्भल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 226/16 धारा 395/397/412 भादवि में वांछित अपराधी सरफराज पुत्र सलीम उर्फ शहाबुददीन नि0 मौ0 पहलवान कालोनी मस्जिद के पास हुमायूँनगर, थाना लिसाडी गेट, जनपद मेरठ कहीं जाने की फिराक मे सम्भल रोड रेलवे क्रासिंग पर खडा है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास

कर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुए साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पहुँच कर मुखबिर की निशादेही पर आवश्यक बल प्रयोग कर उक्त अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त सरफराज उपरोक्त से की गयी संक्षित पूछताछ पर निम्न तथ्य प्रकाश में आये हैं–

- ❖ गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है तथा घटनाओं को अन्जाम देने के बाद यह अपराधी अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग–अलग नाम बदलकर रह रहा था।
- ❖ पहले यह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दुकानो का शटर फाड़कर चोरी की घटनाओं को अन्जाम देता था।
- ❖ उसके बाद अपने साथी इमरान नि0 लिसाडी गेट, मेरठ एंव गुलफाम नि0 घोसीपुर, मेरठ से चोरी के चार पहिया वाहनो को डेढ़ लाख रूपयें प्रति वाहन खरीदकर पटना बिहार में लवली नामक महिला को ढाई लाख रूपये में प्रति वाहन बेच देता था।
- ❖ दिनांक 29–03–2016 को इसने अपने साथी इमरान काना नि0 ढबाई नगर, नौंचदी मेरठ व फरमान निवासी खोडा, गाजियाबाद के साथ मिलकर थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत तीर्थ यात्रियों की बस को ओवरटेक कर यात्रियों से जेवरात व नकदी की लूटपाट किये जाने की घटना को अन्जाम दिया गया था।
- ❖ दिनांक 08–10–2024 को उक्त अपराधी अपने साथियों के साथ थाना भारत नगर, नई दिल्ली क्षेत्रान्तर्गत क्रेटा गाड़ी में संदिग्ध हालत में मिले थे, जिन्हे पुलिस द्वारा टोका गया तो इन्होने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर फरार हो गये थे।

<u>सरफराज पुत्र सलीम उर्फ शहाबुददीन का आपराधिक इतिहास</u>

| क0सं0 | मु0अ0स0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 153 / 16 | 411 / 420 / 468 / 471 भादवि | नौंचदी | मेरठ |
| 2 | 154 / 16 | 414 भादवि | नौंचदी | मेरठ |
| 3 | 163 / 07 | 384 / 420 / 504 / 506 भादवि | नौंचदी | मेरठ |
| 4 | 03 / 22 | 279 / 338 / 427 भादवि | मवाना | मेरठ |
| 5 | 117 / 17 | 379 / 411 भादवि | रेलवे रोड | मेरठ |
| 6 | 173 / 17 | 4 / 25 आर्म्स एक्ट | रेलवे रोड | मेरठ |
| 7 | 291 / 18 | 4 / 25 आर्म्स एक्ट | रेलवे रोड | मेरठ |
| 8 | 15 / 17 | 379 भादवि | लालकुर्ती | मेरठ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | 44 / 23 | 380 / 411 / 457 भादवि | लालकुर्ती | मेरठ |
| 10 | 45 / 23 | 380 / 411 / 457 भादवि | लालकुर्ती | मेरठ |
| 11 | 01 / 19 | 2 / 3 गैगस्टर एक्ट | लिसाडी गेट | मेरठ |
| 12 | 610 / 22 | 3 / 5 उ0प्र0 गोवध अधि0 | लिसाडी गेट | मेरठ |
| 13 | 1060 / 17 | 3 / 5 / 8 गोवध अधि0 व 307 भादवि | लिसाडी गेट | मेरठ |
| 14 | 30 / 17 | 414 भादवि | सदर बाजार | मेरठ |
| 15 | 033 / 17 | 414 भादवि व 4 / 25 आर्म्स एक्ट | सदर बाजार | मेरठ |
| 16 | 562 / 16 | 392 / 411 भादवि | सदर बाजार | मेरठ |
| 17 | 226 / 16 | 395 / 397 / 412 भादवि | बहजोई | सम्भल |
| 18 | 636 / 24 | 305बी / 62 / 221 / 132 / 109(1) / 3(5) बीएनएस व 25 / 27 आर्म्स एक्ट | भारत नगर | नई दिल्ली |

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना बहजोई, जनपद सम्भल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 226 / 2016 धारा 395 / 397 / 412 भादवि में दाखिल किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## एस0टी0एफ0—अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह का 01 तस्कर 11.00 कि0ग्रा0 चरस (अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 55 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार।

दिनांक 19—01—2025 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 01 सदस्य को 11.00 किलो ग्राम चरस (अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 55 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता—**

1— शत्रुधन कुमार पुत्र श्री राज किशोर प्रसाद, निवासी डुमरा, पंचायत भवन, डुमरा, सिवान, प्रान्त बिहार।

**बरामदगी—**

1— अवैध चरस 11.00 कि0ग्रा0 (अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 55 लाख रूपये)

2— 01 अदद मोबाइल

3— 500 / रू0 नगद

04— 01 अदद आधार कार्ड

**गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय–**

रेलवे स्टेशन ऐशबाग, जनपद लखनऊ, प्लेट फार्म नं0–01 दिनांक 19–01–2025 समय करीब 00.30 बजे।

एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को विगत काफी दिनों से मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाए प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में श्री सत्यसेन यादव, अपर पुलिस अधीक्षक एस0टी0एफ0, लखनऊ के पर्यवेक्षण अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 18–01–2025 को अभिसूचना संकलन के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बिहार से मुम्बई जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहा है, जिसके पास भारी मात्रा मे अवैध मादक पदार्थ है। इस सूचना पर निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार वर्मा व उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एसटीएफ टीम द्वारा निरीक्षक श्री पंकज दूबे एन0सी0बी0 की टीम एवं राजकीय रेलवे पुलिस व आर0पी0एफ0 टीम को साथ लेकर ऐशबाग रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नं0–01 से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करता है। वह नेपाल से चरस खरीदकर विभिन्न राज्यों में ऊचे दामों पर बेचता है। इस बार अंकलेश्वर, गुजरात व मुम्बई जा रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एन0सी0बी0 लखनऊ में केस संख्या–01/2025 धारा–8/20/29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

———————